**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 04.06.2025 समय : 0705

**<><><><><><><>**

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने योगांध्र दो हजार पच्चीस कार्यक्रम की सराहना की।
- यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में द्वीपसमूह के स्थलों को शामिल करने के लिए कार्यशाला का आयोजन
- द्वीपसमूह में इक्कीस जून को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन।
- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहली बार आई पी एल ट्रॉफी अपने नाम की।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कल चित्तूर, आंध्र प्रदेश के निकट आयोजित योगांध्र दो हजार पच्चीस कार्यक्रम में योग प्रेमियों की जीवंत भागीदारी की सराहना की। यह कार्यक्रम पुलिगुंडु ट्विन हिल्स के बीच आयोजित किया गया, जहां दो हजार से अधिक योग प्रेमी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दो हजार पच्चीस के लिए आंध्र प्रदेश में महीने भर चलने वाले कार्यक्रम की शुरुआत करने के लिए एकत्र हुए। प्रधानमंत्री ने कहा; "योग दिवस दो हजार पच्चीस के प्रति बढ़ते उत्साह को देखकर खुशी हो रही है। **#Yogandhra** 2025 योग को लोकप्रिय बनाने के लिए आंध्र प्रदेश के लोगों द्वारा किया गया एक सराहनीय प्रयास है। मैं इक्कीस तारीख को आंध्र प्रदेश में योग दिवस मनाने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

<><><><><><><>

भारत अपना पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत बनाने जा रहा है। नॉर्वे के ओस्लो में केंद्रीय पत्तन, पोत–परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर श्री सोनोवाल ने कहा कि भारत न केवल एक पोत बना रहा है, बल्कि नवाचार, अन्वेषण और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की विरासत भी तैयार कर रहा है। यह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

<><><><><><><>

यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के स्थलों को शामिल करने के लिए विश्व धरोहर डोज़ियर की तैयारी के लिए मार्गदर्शन पर आपदा प्रबंधन विभाग के सम्मेलन कक्ष में हेरिटेज साइट लिस्टिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार द्वारा ए डी जी जाहन्वी शर्मा, द्वीपसमूह के वरिष्ठ अधिकारियों, इतिहासकारों और विभिन्न समुदाय के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने विश्व धरोहर डोज़ियर नामांकन की तैयारी के लिए आगे बढ़ने के तरीके पर प्रशासन को मार्गदर्शन देने के लिए डोमेन विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया। द्वीपसमूह में ऐतिहासिक, प्राकृतिक और सांस्कृतिक रूप से एक महत्वपूर्ण विरासत स्थल है। मुख्य सचिव कहा कि यह कार्यशाला हमारी टीम को समयबद्ध तरीके से हमारी विरासत स्थलों के उचित दस्तावेजीकरण की बारीकियों को समझने में मदद करेगी। इस अवसर पर अपनी विरासत को जाने शीर्षक से एक ब्रोशर भी जारी किया गया। कला एवं संस्कृति सचिव ज्योति कुमारी ने कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

<><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग ने शूकर पालन प्रबंधन को लेकर  प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पच्चीस प्रगतिशील किसानों का एक समूह को गुवाहाटी भेजा है। इसका उद्देश्य द्वीपसमूह में पशुपालन को बढ़ाने और वैज्ञानिक तरीके से सुकर पालन को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम क्यारी और राष्ट्रीय सुकर अनुसंधान केन्द्र गुवाहाटी में पांच तारीख तक आयोजित होगा। पशुपालन और पशु चिकित्सा सचिव ने इस समूह को कार्यशाला का अधिकतम लाभ उठाने, नई तकनीक सीखने और नई मार्केटिंग को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। यह समूह पूरे द्वीपसमूह के सुकर पालन समुदायों का प्रतिनिधत्व करेगा।

<><><><><><>

शिक्षा सदन की राज्य शिक्षा संस्थान की ओर से एन.आई.ई.पी.ए., नई दिल्ली के सहयोग से उप–प्रधानाचार्यों के लिए 'स्कूल नेतृत्व कार्यक्रम' पर दस दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला तेरह जून तक जारी रहेगी। राज्य शिक्षा संस्थान और डाइट के संकाय सदस्यों के लिए 'एन.ई.पी.–2020 और एन.सी.एफ.एस.ई.–2023 के प्रभावी कार्यान्वयन' पर पांच दिवसीय क्षमता–निर्माण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि शिक्षा सचिव एल. कुमार ने किया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने स्कूली शिक्षा में सुधार लाने का भी लक्ष्य रखा।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से इक्कीस जून को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत श्री विजयपुरम के ज़िला न्यायालय भवन, उप–विभागीय कोर्ट परिसर मायाबंदर तथा डिगलीपुर के सर्किट कोर्ट में आयोजित होगा। लोक अदालत में धारा एक सौ अड़तीस के अंतर्गत राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड अधिनियम के मामले, धन वसूली के मामले, श्रम विवाद, बिजली और पानी के बिल संबंधी विवाद, भरण–पोषण के मामले, सिविल विवाद और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत आने वाले विवादों का निपटान किया जाएगा, जिन लोगों के विवाद मुकदमें पूर्व या मुकदमे पश्चात स्तर पर है, उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान उनके समाधान की सुविधा के लिए सोलह जून तक श्री विजयपुरम के ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव को लिखित रूप में आवेदन जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

सरकार ने एक यू–ट्यूब पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मार्च दो हजार छब्बीस तक पांच सौ रुपये के नोटों का प्रचलन बंद करने वाले दावे के वीडियो को खारिज कर दिया है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जाँच इकाई ने स्पष्ट किया कि रिजर्व बैंक ने ऐसी कोई घोषणा नहीं की है। कार्यालय ने कहा कि पांच सौ रुपये के नोट बंद नहीं किए गए हैं और वे वैध मुद्रा बने रहेंगे। सरकार ने लोगों को सलाह दी है कि वे ऐसी गलत सूचनाओं पर विश्वास न करें।

<><><><><><><>

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। उन्होंने कल रात अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में पंजाब किंग्स को छः रन से हराया। विराट कोहली ने सर्वाधिक तिरालीस रन बनाए, जबकि कप्तान पाटीदार ने छब्बीस रन का योगदान दिया। शानदार गेंदबाजी के लिए क्रुनाल पांड्या को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन ने चिन्मय मिशन के सहयोग से, वेटरन शतरंज टूर्नामेंट 2025 के दूसरे संस्करण की घोषणा की है। यह टूर्नामेंट 22 जून को चिन्मय मिशन में आयोजित किया जाएगा। यह विशेष आयोजन बुजुर्ग शतरंज खिलाड़ियों के लिए होगा। यह टूर्नामेंट 55 वर्ष से अधिक और 60 वर्ष से अधिक

आयु वर्गों में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ियों से 20 जून तक 100 रूपये के प्रवेश शुल्क के साथ नाम पंजीकृत कराने का अनुरोध किया गया है।

**<><><><><><>**

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह समुद्री मत्स्य पालन नियम, दो हजार उन्नीस के अनुसार अंडमान निकोबार जलक्षेत्र में स्पोर्टस् फिशिंग गतिविधि के लिए मछली पकड़ने वाले जहाजों के संचालन को स्थगित किया गया है। बंद मौसम के दौरान स्पोर्टस् फिशिंग के लिए कोई परमिट जारी नहीं किया जाएगा। यह आदेश इक्कतीस अगस्त तक जारी रहेगा। स्पोर्टस् फिशिंग जहाज मालिकों को बंद मौसम का सख्ती से पालन करने को कहा गया है। उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ समुद्री मत्स्य पालन नियमों के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई शुरू की जाएगी।

**<><><><><><>**

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

उप–राज्यपाल द्वारा अंडमान निकोबार द्वीपसमूह पुलिस की पांच एल ओ पी पर सौर ऊर्जा सुविधा के उद्घाटन के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** ने अपनी बड़ी खबर बनाई है। द्वीपसमूह में खरीफ पूर्व अभियान विकसित कृषि संकल्प अभियान के क्रियान्वयन के समाचार को **द्वीप समाचार** ने अपने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। **द इको ऑफ इंडिया** ने अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक की ओर से जारी स्पष्टीकरण के समाचार को प्रमुखता से अपने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है।

**<><><><><><>**